




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 68 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 17 दिसम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया


# पीयूसी नहीं तो भरने होंगे 10 हजार रुपए, बिना हेलमेट वाहन तो 300 रु. जुर्माना

## अधिसूचना जारी- मोटर व्हीकल एक्ट में जुर्माने की नई दरें लागू

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में अब नए मोटर व्हीकल एक्ट के जुर्माना प्रस्ताव लागू हो गए हैं। अब गाड़ी



चलाते हुए नियमों के उल्लंघन पर 1 से 25 हजार तक जुर्माना लगेगा। सबसे अधिक सख्ती एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड सहित अन्य आपातकालीन वाहनों का रास्ता रोकने पर होगी। ऐसा पाए जाने पर 10 हजार रुपए जुर्माना लगेगा। राज्य सरकार ने इस संबंध में जारी अधिसूचना हाईकोर्ट में पेश की। इसे रिकॉर्ड में लेकर मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ द्वारा याचिका का निराकरण कर दिया गया। याचिकाकर्ता नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रांताध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया, संशोधित नियम को स्वीकार करते हुए राज्य शासन ने अधिसूचना जारी कर दी है। मोटरयान अधिनियम के तहत केंद्र सरकार के जारी नियमों का पालन राज्य सरकार नहीं कर रही थी।

### चार साल से पेंडिग था मामला...

याचिका चार साल अर्थात 2019 से पेंडिंग चल रही थी। जिसमें कई बार नोटिस भी जारी किए गए थे। अब जाकर सरकार ने 2023 में गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। जिसके मुताबिक सेंट्रल गवर्नमेंट के द्वारा जो मोटर व्हीकल एक्ट के अपराधों पर जुर्माने की राशि तय की गई है अब वह राशि मध्य प्रदेश में भी लागू होगी। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने जो भी मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन किए गए हैं, उन्हें हम स्वीकार करते हैं और संपूर्ण मध्य प्रदेश में इसका कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

### यह था याचिका में...

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने दलील दी थी कि मोटर व्हीकल एक्ट उल्लंघन में जो अपराध होते थे, उसकी जुर्माना राशि केंद्र सरकार ने बहुत बढ़ा दी है, ताकि लोग डर कर नियमों का पालन करें। लेकिन, प्रदेश में इसे नेताओं ने लागू नहीं होने दिया। नेताओं की दलील थी कि जुर्माना ज्यादा है। इससे गरीब नागरिक परेशान होंगे।



# बात करने में ध्वनी 60 डेसीबल, मापदंड 40 डेसीबल

## तेज ध्वनी से कई तरह की स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां तय

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** ध्वनी प्रदूषण को लेकर सरकार ने सख्ती अपना ली है। ध्वनी प्रदूषण को लेकर न्यायालय ने ही गाइड लाईन तय की है। इसे अमल कराने के लिए अब सख्त सरकारी फरमान के बाद प्रशासनिक अमला भी हरकत में आ गया है। बैठकों में धार्मिक गुरुओं ने भी सरकारी फरमान का पालन करने के लिए सहमति जताई। स्वयं ही धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर और ध्वनीयंत्र हटा दिए गए। बता दे कि सरकारी मापदंडों पर गौर करें तो 40 डेसीबल रात के समय ध्वनी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। जबकि, बात करने में ही 60 डेसीबल की ध्वनी उत्पन्न होती है।

### ज्यादा आवाज नुकसानदेह, विशेष स्थिति में 180 की क्षमता...

आपस की सामान्य बातचीत 60 डेसीबल होती है तो समझ लीजिए जो लाउड स्पीकर व डीजे बज रहे वे कितने खतरनाक हैं। मनुष्य स्वास्थ्य के लिए 70 डेसीबल से ज्यादा आवाज नुकसानदेह है। सामान्य तौर पर प्रशासन 55 डेसीबल ध्वनि में ध्वनि विस्तारक यंत्र या साउंड सिस्टम बजाने की अनुमति देता है। लेकिन, विशेष परिस्थिति में 180 डेसीबल की आवाज भी व्यक्ति सुनने की क्षमता रखता है। अब यह अनुमति देने वाले सक्षम अधिकारी के विवेक पर निर्भर है कि वह कितनी अनुमति दे।

### प्रशासन के पास यंत्र नहीं, मोबाइल एप का करेंगे उपयोग...

शासन-प्रशासन ने फरमान तो जारी कर दिया। लेकिन, अभी स्थानीय स्तर पर ध्वनि मापक यंत्र उपलब्ध नहीं है। ऐसे में प्रशासन ने मोबाइल एप के उपयोग से ध्वनि की तीव्रता मापने का निर्णय लिया है। इसमें ऑडियो मीटर, डेसीबल मीटर, डेसीबल प्रेशर लेवल मीटर, साउंड मीटर जैसे एप शामिल हैं। आप भी पता करना चाहें तो इनका उपयोग कर सकते हैं।

### नुकसान : बहरापन, चिड़चिड़ापन और तनाव...

एक्सपर्ट्स के अनुसार, मनुष्य के कान 20 हर्ट्ज से लेकर 20 हजार हर्ट्ज वाली ध्वनि के प्रति संवेदनशील होते हैं। ध्वनि का मानक डेसीबल होता है। सामान्यतया 85 डेसीबल से तेज ध्वनि को कार्य करने में बाध्यकारी माना जाता है जो कि ध्वनि प्रदूषण की श्रेणी में आता है। डॉक्टरों के मुताबिक 8 घंटे से अधिक 80 डेसीबल या इससे ज्यादा तीव्रता वाली ध्वनि के संपर्क में रहने पर सुनने की क्षमता खो सकते हैं। अगर कोई 30 मिनट से ज्यादा समय 110 डीबी तक सामना करता है तो बहरापन के अलावा, चिड़चिड़ापन, याददाश्त कमजोर होना, तनाव और सिरदर्द जैसी कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट व शासन के मापदंड...

**कहां कितने डेसिबल ध्वनी मान्य**

| क्षेत्र | दिन | रात |
|---|---|---|
| साइलेंस जोन | 50 | 40 |
| रहवासी जोन | 55 | 45 |
| व्यापारिक जोन | 65 | 55 |
| औद्योगिक जोन | 75 | 70 |


**कौन-सा शोर कितने डेसिबल का**

| श्रेणी | डेसिबल |
|---|---|
| दो लोगों का फुसफुसाना | 20 से 30 |
| शांत बातचीत करना | 30 से 40 |
| सामान्य बातचीत करना | 55 से 60 घर में |
| सामान्य संगीत सुनना | 75 से 80 |
| बाइक से निकलने वाली आवाज | 100 से 110 |

**इस पर भी एक नजर**

पॉल्युशन के दौरान 85 से अधिक डेसीबल पर रेड अलर्ट
कार व ट्रक के पास 85-90 डीबी
कार और ट्रक के हॉर्न से 110 डीबी
डीजे के पास 130 डीबी
सुतली बम से 140-150 डीबी
हवाई जहाज के पास 165 डीबी

# पुलिस को चकमा देकर भागा आरोपी कुछ देर बाद भोईवाड़ा से पकड़ाया



**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** एनडीपीएस एक्ट में मंदसौर कोर्ट में पेश करने के लिए लाया गया आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, जिसे कुछ देर बाद पुलिस ने धरदबोचा।

मिली जानकारी के मुताबिक दलौदा पुलिस ने रोशन सिंह पिता दर्शन सिंह उम्र 20 साल निवासी सुरेवाला थाना टिब्बी जिला हनुमान गढ़ राजस्थान को 40 किलो डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया था। जिसे शनिवार को दलौदा पुलिस मंदसौर न्यायालय में पेश करने के लिए ले गई। लेकिन, इसी दौरान कोर्ट परिसर से आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। बताया जाता है कि आरोपी ने तबियत खराब होने का बहाना बनाया और उल्टी के लिए बोला। ऐसे में पुलिसकर्मियों ने उसकी हथकड़ी को खोल दिया। इसी दौरान आरोपी मौके से भाग निकला। आरोपी के भागने की खबर लगते ही पुलिस अलर्ट हुई और उसकी तलाश शुरू हुई। पुलिस ने कोर्ट परिसर के आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया और भागे मुल्जिम की घेराबंदी कर ली। कुछ घंटे बाद शहर के भोईवाड़ा क्षेत्र से आरोपी को हिरासत में ले लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 224 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# महिला से बात करता था, हाथ काट दिया

**पिपलिया मंडी, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** महिला से बात करने की बात पर विवाह समारोह से घर लौट रहे एक युवक के साथ चार लोगों ने मारपीट कर उसका तलवार से हाथ काट दिया। घायल का उपचार उदयपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है। मामले में पिपलिया मंडी पुलिस ने चारो आरोपियो के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना 13 दिसंबर की है। सूचना मिलने पर पुलिस ने उदयपुर पहुंचकर घायल के बयान के बाद शुक्रवार की देर शाम एफआईआर दर्ज की है। बताया गया है कि 13 दिसम्बर को नीमच जिले के जीरन से मंदसौर के मुल्तानपुरा में अहिरवार समाज के युवक की बारात आई थी। इसमें दीपक पिता कनीराम अहिरवार उम्र 21 साल निवासी जीरन जिला नीमच भी अपने दोस्तों के साथ बारात में आया था। पेशे से वह ड्राइवरी का काम करता है। पीड़ित ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि बारात में गांव के ही भेरूलाल पिता बगदीराम अहिरवार, घनश्याम पिता भेरूलाल अहिरवार, राहुल पिता भेरूलाल अहिरवार व विनोद पिता रतनलाल अहिरवार आए थे। विवाह में उसे घूर कर देख रह थे।

13 दिसंबर की रात 11.30 बजे वह अपने साथी दीपक और परमानंद के साथ बाइक से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान पिपलिया मंडी थाना क्षेत्र के महू-नीमच हाईवे बोतलगंज गांव के निकट चारों आरोपियों उसकी बाइक रुकवाई और उसे घेर कर मारपीट करने लगे। इसमें उसके दोनों दोस्त घबराकर भाग गए। चारों आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए तलवार से उसका हाथ काट दिया। बताया जा रहा है कि पीड़ित गांव की एक महिला से बात करता था। इसी बात की दुश्मनी निकालने के लिए आरोपियों ने पीड़ित पर हमला कर उसका हाथ काट दिया।



**नाले की नपती**– नरसिंगघाट नाले के पीछे नाले पर ही बन रही कालोनी को लेकर शनिवार को जिला प्रशासन की टीम व नपा अधिकारियों ने सीमांकन किया। हालांकि, जनचर्चा में यह बात चल रही है कि यह केवल दिखावे की कार्यवाही है। हमेशा की तरह भूमाफिया एक बार फिर प्रशासन को ठेंगा दिखा देगा।


# एमपी में फिर होगी बारिश, 23-24 दिसम्बर गिर सकता है पानी..!

**भोपाल, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** एमपी में एक बार फिर मौसम करवट लेगा और बारिश का दौर शुरु होगा। नार्थ इंडिया में अगले सात दिन में दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय हो रहे है। जिसका असर मध्यप्रदेश में देखने को मिलेगा और 23 व 24 दिसम्बर को प्रदेश के जबलपुर सहित कई जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

मौसम विशेषज्ञों की माने तो अभी पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के ऊपर है। जिसके असर से जम्मू-काश्मीर में सक्रियता शुरु हो सकती है। हालांकि इसका असर प्रदेश में कम ही रहेगा। क्योंकि बादल उंचाई पर होगें। वहीं कुछ हिस्सों में बादल छाए रह सकते है। 22 दिसम्बर को फिर से एक सिस्टम एक्टिव होगा। यह स्ट्रांग होने के कारण 23-24 दिसम्बर को प्रदेश में बारिश होने की संभावना है। सिस्टम की एक्टिविटी के चलते दिन-रात में तापमान में उतार-चढ़ाव रहेगा, एक-दो डिग्री लुढ़क सकता है। रात में एक डिग्री में बढ़ोत्तरी हो सकती है। अधिकतर शहरों में पारा 12 डिग्री तक रहेने की संभावना है। एमपी के जिलों में दिन के तापमान में पहले से बढ़ोत्तरी हुई है, जबलपुर में 25 डिग्री सेल्सियस, इंदौर में 27 डिग्री, ग्वालियर 26.8, उज्जैन 27.05 व भोपाल में तापमान 28.08 डिग्री रहा।

# नाबालिग बालिका का अपहरण करने वाले दुष्कर्मी को 20 साल की सजा

**गरोठ, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट गरोठ श्रीमती प्रिया शर्मा द्वारा नाबालिग बालिका से अपरहण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।



अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर 2020 की रात पीड़िता अपने कमरे में नही मिली। पीडिता के परिजनो ने आस-पास तलाश कर नहीं मिलने पर थाना शामगढ़ में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने धारा 363 भादंवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पीडिता को 30 दिसंबर 2020 को मोरवी गुजरात से दस्तयाब किया गया। पीडिता के बताये अनुसार आरोपित पीडिता को उसके घर के बाहर से बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर अपने साथ मोटर सायकल पर मंदसौर ले गया। वहां पर दोनों एक होटल में रूके। जहां आरोपित ने पीड़िता के साथ बलात्संग किया। अगले दिन वह पीडिता को मोरवी गुजरात में ले गया। जहां आरोपित ने उसे टाईल्स बनाने वाली फेक्ट्री के लेबर क्वार्टर में रखा तथा वहां पर भी पीडिता के साथ कई बार बलात्संग किया। पीडिता के कथनों के आधार पर से बलात्संग की धाराओं का ईजाफा किया जाकर संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायायलय में प्रस्तुत किया गया।

प्रकरण में न्यायालय के समक्ष विशेष लोक अभियोजक रमेश गामड़ द्वारा रखे गये तथ्यो तथा न्यायालय में आई साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी को बलात्संग की धाराओं में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अभियोजन संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री रमेश गामड द्वारा किया गया।

### मध्य प्रदेश में करारी हार के बाद...

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर जीतू पटवारी की ताजपोशी

## कमलनाथ हटाए गए, उमंग सिंगार नेता प्रतिपक्ष बन

**भोपाल, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश में करारी हार के बाद कांग्रेस में बड़ा बदलाव किया गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के पद से कमलनाथ को हटाया गया है। जीतू पटवारी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है।गंधवानी से उमंग सिंघार विधायक हैं। वहीं एमपी कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी होंगे। इनके साथ ही विधायक हेमंत कटारे को उप नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है।



मध्य प्रदेश के धार जिले में आरक्षित सीट गंधवानी कांग्रेस से निवर्तमान विधायक उमंग सिंघार ने जीती थी। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी बीजेपी के सरदार सिंह मेहड़ा को 22119 वोटों से पराजित किया था। इस चुनाव में उमंग सिंघार को कुल 98982 वोट मिले थे। गंधवानी कांग्रेस की दिग्गज नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री जमुना देवी के प्रभाव वाली सीट है और उमंग सिंघार उनके भतीजे हैं। मध्यप्रदेश में कांग्रेस की करारी हार के बाद से ही प्रदेश अध्यक्ष के बदलाव की बात कही जा रही थी। अब कांग्रेस में बड़ा फेरबदल हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे कमलनाथ की जगह अब कमान जीतू पटवारी को सौंपी गई है। वहीं उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। जीतू पटवारी को राहुल गांधी का करीबी माना जाता है।

# कांग्रेस की क्राउड फंडिंग मुहिम: नाम रखा डोनेट फॉर देश

**नई दिल्ली, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पार्टी फंड बढ़ाने के लिए कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए पार्टी क्राउड फंडिंग मुहिम की शुरुआत करने जा रही है। कांग्रेस ने इस मुहिम का नाम डोनेट फॉर देश रखा है। 18 दिसंबर को दिल्ली से इसकी शुरुआत होगी। पार्टी ने अपने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को इस मुहिम में कम से कम 1380 रुपए का योगदान देने को कहा।

### श्रेष्ठ भारत बनाने में पार्टी को सशक्त बनाना जरूरी...

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर क्राउड फंडिंग मुहिम लॉन्च करने की बात कही। वेणुगोपाल ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को अपने ऑनलाइन क्राउड फंडिंग अभियान, डोनेट फॉर देश के लॉन्च की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह पहल 1920-21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज कोष से प्रेरित है और इसका उद्देश्य एक श्रेष्ठ भारत बनाने में हमारी पार्टी को सशक्त बनाना है। अभियान की ऑफिशियल शुरुआत पार्टी अध्यक्ष 18



**[ हर कांग्रेस पदाधिकारियों को देने होंगे 1380 रुपए ]**

दिसंबर को दिल्ली में करेंगे। वेणुगोपाल ने आगे कहा- हम अपने राज्य-स्तरीय पदाधिकारियों, हमारे निर्वाचित प्रतिनिधियों, डीसीसी अध्यक्षों, पीसीसी अध्यक्षों और एआईसीसी पदाधिकारियों में से प्रत्येक को कम से कम 1,380 रुपये का योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

### नेशनल पार्टियों की संपत्ति 1 साल में 1531 करोड़ बढ़ी...

इसी साल सितंबर में द एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट सामने आई थी। इसके मुताबिक, देश की 8 नेशनल पार्टियों की घोषित संपत्ति 1 साल में 1531 करोड़ रुपए बढ़ गई। 2020-21 में इन पार्टियों की संपत्ति 7,297.62 करोड़ रुपए थी। 2021-22 के दौरान इनकी संपत्ति बढ़कर 8 हजार 829.16 करोड़ रुपए हो गइ। ये पार्टियां- भाजपा, कांग्रेस, नेशनल कांग्रेस पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई), सीपीआई (माओवादी), तृणमूल कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी हैं।




# श्री आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थ धाम में द्वारोद्घाटन के साथ प्रतिष्ठा समारोह का हुआ समापन

**मंदसौर, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** आचार्य श्री अशोकसागरसूरिश्वरजी म.सा. की पावन प्रेरणा व निश्रा में कल शनिवार को नवनिर्मित श्री आर्यरक्षितसूरि जैन तीर्थधाम में श्री उवसग्गहरं पार्श्वनाथ के मंदिर के द्वार का उद्घाटन किया गया। इस द्वारोद्घाटन समारोह के सम्पन्न होते समय बड़ी संख्या में ट्रस्ट मण्डल के सदस्यगण, उनके परिवारजन व नगर के गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित थे।

आचार्य श्री अशोकसागर सूरिश्वरजी म.सा., आचार्य श्री सोम्यचन्द्र सागरसूरिश्वरजी म.सा., आचार्य श्री विवेकचन्द्रसागरसूरिश्वरजी म.सा., आचार्य श्री मतिचन्द्र सागर सूरिश्वरजी म.सा., प.पू. प्रवर्तक श्री धैर्यचन्द्रसागरजी म.सा. की पावन निश्रा में शनिवार को प्रात: 7 बजे शुभ मुहुर्त में नवनिर्मित मंदिरजी के द्वार को खोला गया। प्रभुजी के पहले अभिषेक एवं मंगल दीपक आरती का धर्मलाभ कुशालचन्द्र खमेसरा परिवार की ओर से उनके पुत्र धर्मेन्द्र व चेतन खमेसरा ने लिया। द्वार उद्घाटन के उपरांत सभी श्रावक श्राविकाओं ने मंदिर में प्रवेश किया। आचार्य श्री अशोकसागरसूरिश्वरजी म.सा. की पावन निश्रा में इस अवसर पर पहली स्नात्र पूजा, पहली केसर पूजा, पहली आरती, पहले मंगल दीप की आरी व प्रभुजी की प्रतिमा को मुकुट चड़ाने का चड़ावा बोला गया जिसका धर्मलाभ मंदसौर के लोढा, खमेसरा, भण्डारी आदि परिवारों ने बोली लगाकर प्राप्त किया। इस अवसर पर आचार्य श्री व साधु साध्वियों को कम्बली ओडाने की बोली भी लगाई गई। जिसका धर्मलाभ मोहनबाई रतनलालजी खमेसरा परिवार व कुशालचंद खमेसरा परिवार ने लिया। गुरु प्रतिमा की आरती का लाभ शांतिलाल लोढा ने लिया। आचार्य श्री अशोकसागरसूरिश्वरजी म.सा. को काम्बली राजेन्द्र खमेसरा, मुकेश खमेसरा, अभिषेक खमेसरा, प्रियांश खमेसरा एवं चेतन व धर्मेन्द्र खमेसरा ने ओड़ाई। द्वारोद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित धर्मालुजनों हेतु पुनमचंद डांगी परिवार की ओर से नवकारसी का आयोजन किया गया। जिसका धर्मलाभ दिलीप डांगी, विजय, महेन्द्र व हिम्मत डांगी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रभु पार्श्वनाथजी की प्रतिमा के संबंध में विभिन्न बोलिया भी लगाई गई। जिसमें बढ़चढ़कर धर्मालुजनों ने चड़ावे बोलने का धर्मलाभ लिया। दोपहर में वीरेन्द्र भण्डारी परिवार की ओर से नवनिर्मित जिनालय में सत्तरभेदी पूजा भी हुई जिसमें अप्रेश व श्वेता भण्डारी ने पूजा कराने का धर्मलाभ लिया। पूजा की विधि अरविन्द चौरड़िया इंदौर ने विधि विधान से पूर्ण कराई।



आचार्य श्री अशोकसागरजी म.सा. ने धर्मसभा में कहा कि आचार्य श्री आर्यरक्षित सूरि युग प्रधान जैनाचार्य थे वे मंदसौर की पूण्य धारा पर जन्में और दीक्षा के बाद उन्होनें जैन धर्म की खूब प्रभावना की। वे कई भाषाओं के ज्ञाता व विद्वान जैन आचार्य थे। उनका नाम कल्पसूत्र जो कि जैन धर्म का सबसे महत्वपूर्ण शास्त्र है उसमें अंकित है। उन्हीं के कारण मंदसौर जो कि उस समय दशपुर नगरी के नाम से जाना जाता था उसका नाम भी अंकित है। ऐसे संत के नाम पर इस तीर्थ धाम की स्थापना हुई है। प्रवर्तक श्री धैर्यचन्द्रसागरजी म.सा. ने कहा कि प्रत्येक जैन धर्मावलम्बी को जीवन में नियमों का पालन करना चाहिये। जिसमें रात्रि भोजन त्याग, जमीकंद त्याग शामिल है। बड़ी पर्व तिथि अष्टमी, चौदस को भी रात्रि. भोजन व जमीकंद तो छोड़ना ही चाहिये। आपने कहा कि यह तीर्थ किसी पंथ का नहीं है बल्कि जैन अजैन सभी इस तीर्थ में आकर प्रभु दर्शन का धर्मलाभ ले सकते है। बाहर से कोई भी मेहमान आये तो उसे इस तीर्थ में जरूर लावे। संचालन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मुकेश खमसेरा ने किया तथा आभार सचिव दिलीप डांगी ने माना। इस अवसर पर श्रीं आर्यरक्षित सूरि धाम जैन तीर्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल लोढा (हिम्मत होम), उपाध्यक्ष मुकेश खमेसरा, सचिव दिलीप डांगी, सहसचिव दिलीप कुमार संघवी, कोषाध्यक्ष अनिल संघवी, ट्रस्टीगण लक्ष्मीलाल भण्डारी, नेमकुमार संघवी, हिम्मत डांगी, विरेन्द्र भण्डारी, समाजसेवी हिम्मत लोढा, कपिल भण्डारी, शैलेन्द्र भण्डारी, अभिषेक खमेसरा, चेतन खमेसरा, धर्मेन्द्र खमेसरा, अजीत नाहर, विजय डांगी, प्रियांश डांगी, संजय दक, विपिन संघवी, सुरेन्द्र भण्डारी, अजीत संघवी, सुनील दक अभिषेक ट्रेवल्स, छोटेलाल जैन, रखबचंद जैन किर्लोस्कर, भरत संघवी, प्रदीप छाजेड, महेन्द्र मालपुरिया, सुशील संघवी सहित कई गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।



# पूज्य उत्तम स्वामीजी का एकमात्र लक्ष्य है नर सेवा ही नारायण सेवा

## गुरु भक्त मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन भौमिक की मौजूदगी में बैठक संपन्न

**मंदसौर, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** यह मंदसौर नगर वासियों और इस पूरे अंचल का सौभाग्य है कि विश्व विख्यात विद्वान महामंडलेश्वर 108 महर्षि उत्तम स्वामी जी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन हो रहा है। स्वामी जी ने अपनी तपस्या और ज्ञान के आधार पर जो सिद्धि और प्रसिद्धि प्राप्त की है निश्चित रूप से उसका लाभ इस कथा के माध्यम से नगर वासियों को भी मिलेगा।

यह विचार पूज्य श्री उत्तम स्वामीजी के भक्तों के समूह गुरुभक्त मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री तपन भौमिक ने व्यक्त किए।आप नगर पालिका सभागार में श्रीमद् भागवत ज्ञान महोत्सव जो 17 से 23 दिसंबर तक रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन नया पुरा में आयोजित होने जा रहा है जिसमें व्यास पीठ से पूज्य स्वामी श्री उत्तम स्वामी जी कथा प्रवचन करेंगे इसी महोत्सव के निमित्त तैयारी के अंतिम स्वरूप की जानकारी देने हेतु,आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

आपने बताया है कि स्वामी जी का एक ही उद्देश्य है नर सेवा ही नारायण सेवा है देश-विदेश में उनके लाखों भक्त हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी जी कहते हैं कि कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा ही प्रभु प्राप्ति और मोक्ष का एक मात्र माध्यम है। जो कथा कहता है उन्हें जो पुण्य मिलता है उससे 100 गुना अधिक पुण्य कथा करवाने वालों को मिलता है। और उससे भी हजार गुना पुण्य कथा श्रवण करने वालों को प्राप्त होता है। इसलिए हम अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण का लाभ लेंवे। पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि पूज्य स्वामी श्री उत्तमस्वामी जी का हम मंदसौर अंचल के निवासियों पर बड़ा आशीर्वाद है तपन जी के माध्यम से बंजारी बालाजी को एक तीर्थ का स्वरूप स्वामी जी के सानिध्य में मिला है वनवासी कल्याण के लिए भी स्वामी जी ने बहुत कार्य किए हैं। निश्चित रूप से इस कथा के माध्यम से संपूर्ण हिंदू समाज और अधिक मजबूती से संगठित होगा। हुडको डायरेक्टर बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में अंचल के लोग अधिक से अधिक कथा श्रवण का लाभ लेवें ऐसे प्रयास हम सब कर रहे हैं। तीन लाभार्थी परिवार माध्यम है लेकिन यह पूरे नगर वासियों का ही आयोजन है। इस अवसर नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर , जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा तीनों लाभार्थी परिवार के प्रतिनिधि प्रहलाद काबरा, हरीश अग्रवाल, पीयूष गर्ग और सूरजमल गर्ग भी मंचासीन थे।संचालन वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने किया आभार लाभार्थी परिवार की ओर से प्रहलाद काबरा ने माना इस बैठक में नगर के गणमान्य जन, मातृशक्ति बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

**आज होगा पोथी एवं कलश यात्रा के साथ कथा महोत्सव का शुभारंभ-** आज 17 दिसंबर रविवार को प्रात: 8:30 बजे बड़ा चौक स्थित चारभुजा नाथ मंदिर से कलश एवं पोथी यात्रा निकलेगी 1100 महिलाएं मस्तक पर कलश धारण कर इस कलश यात्रा में शामिल होंगी, कलश यात्रा गणपति चौक ,अशोक टॉकीज रोड, शुक्ला चौक,घंटाघर , पोस्ट आफिस रोड़ से कालाखेत होकर रुद्राक्ष माहेश्वरी धर्मशाला नयापुरा रोड पर विसर्जित होगी जहां प्रथम दिवस पूज्य श्री उत्तम स्वामी जी कथा महोत्सव का शुभारंभ अपने मुखारविंद से करेंगे। तीनों ही लाभार्थी परिवार ने नगर और अंचल वासियों से कथा श्रवण का लाभ लेने का अनुरोध किया है। प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 1:00 बजे से सायंकाल 5:00 बजे तक रहेगा।

# शालेय राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मंदसौर, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** 67वी शालेय राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता 16 दिसम्बर 2023 से 20 दिसम्बर 2023 तक पांच दिवसीय का शुभारंभ सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमा देवी बंशीलाल गुर्जर,उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रितेश चावला, कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, मुख्य निरीक्षक श्री सुरेंद्र सिंह परिहार, तकनीकी विशेषज्ञ श्रीमती सावित्री मालवीय, रोलबॉल के ऑल इण्डिया फेडरेशन अध्यक्ष श्री चेतन भाटकर के आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। सभी अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज,जिला क्रीड़ा अधिकारी बी.एल.बारीवाल, संयोजक धर्मपाल सिंह देवड़ा,डी.पी.सी. श्री लोकेंद्र डाबी, उत्कृष्टप्राचार्य श्रीमती डॉक्टर विनीता प्रधान,महारानी लक्ष्मीबाई के प्राचार्य श्री के.सी.सोलंकी,पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी अशोक शर्मा, योजना अधिकारी श्री प्रदीप मुजावदिया,



प्राचार्य श्री रविन्द्र कुमार दवे, बीईओ श्री उमाशंकर पांडे,व्यायाम शिक्षक श्री रघुवीर मालवीय, श्री राकेश श्रीवास्तव, श्री सचिन काले, श्री विजय बैरागी, शांता व्यास, श्री महेंद्र शुक्ला आदि ने स्वागत किया।

श्रीनाथ इंटरनेशनल स्कूल रिछा बच्चा के छात्र-छात्रा द्वारा गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर एनसीसी अधिकारी श्री विजय सिंह पुरावत के नेतृत्व में एनसीसी केडेट के द्वारा दिया गया।सभी अतिथियों द्वारा उद्बोधन में खिलाड़ियों को खेल भावना एवं अनुशासन से खेलने एवं जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी गई। रोलबॉल प्रतियोगिता की राष्ट्रीय खिलाड़ी पलक जैन द्वारा खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी संभागों से लगभग 500 प्रतिभागी एवं कोच मैनेजर विभिन्न समितियो के संयोजक, सहसंयोजक एवं सदस्य उपस्थित थे। स्वागत भाषण जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज द्वारा एवं जिला क्रिड़ा अधिकारी श्री बी.एल. बारीवाल द्वारा प्रतिवेदन का वाचन किया गया।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कीर्ति सक्सेना एवं संयोजक प्राचार्य श्री धर्मपाल सिंह देवड़ा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# दशपुर विद्यालय में करियर संबंधी कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** विद्यालय प्रबंधन के द्वारा दशपुर विद्यालय के कक्षा दसवीं एवं बारहवी बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस एवं भविष्य पर ध्यान नाम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को वी सदी की कौशल के साथ भविष्य के लिए तैयार करना तथा करियर का सपना देखने का सही रास्ता बताना।

कार्यशाला के दौरान टऐनर गौरवसिंह सौलंकी (गोल्डमेडलिस्ट) ने विद्यार्थियों को बताया की बोर्ड परीक्षा की तैयारी सात पी के साथ शुरु करें, जिसमें पहला प्रीडिक्ट (भविष्यवाणी करें), दूसरा प्लान (योजना), तीसरा प्रीपेयर (तैयार करें), चौथा प्रैक्टिस (अभ्यास करें), पांचवा परमॉर्फ (प्रदर्शन करना), छठा प्रॉस्पर (समृध्दि), सातवां पार्टी करें। यानी इन सातों पी की तैयारी हम व्यवस्थित एवं सही ढंग से करें, तो हमारी कामयाबी निश्चित है। सफलता भी उन्हीं के कदमों को चुनते है, जिन्होंने इन सातों पी को साध लिया। आपके द्वारा कई प्रकार के उदाहरण दिए गए, जिन्होंने समय प्रबंधन द्वारा कामयाबी को हासिल किया एवं सफलता प्राप्त की। छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक जवाब देकर संतुष्ट किया गया है। विद्यालय प्राचार्य प्रिस वी थॉमस, सुपरवाइजर हाकिमप्रसाद शर्मा द्वारा गौरवसिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत दी जानकारी

**मंदसौर, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान सत्र 2024 - 25 के तहत राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर द्वारा अध्यक्ष स्थानीय प्रबंधन समिति, श्री नरेश जी चंदवानी तथा प्राचार्य डॉ. एल.एन.शर्मा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ जे.एल.आर्य के नेतृत्व में वृहद अभियान चलाया जा रहा है।

आगे जानकारी देते हुए प्रो. जे.एल. आर्य ने बताया कि दिनांक 16-12-2023 को कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत सीएम राईस स्कूल, साबाखेड़ा में महाविद्यालय के प्राध्यापकों की समिति ने महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न जानकारियों की पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को अवगत कराया। जिसमें डॉ. अनिल आर्य द्वारा प्रवेश प्रक्रिया, एन.एस.एस, एन.सी.सी. एवं शासन की छात्र हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी दी गई, प्रो. संतोष शर्मा द्वारा विज्ञान संकाय में संचालित स्ववित्त रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों, डॉ. जे.एल. आर्य द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति की रूपरेखा बताते हुऐं महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों तथा उपलब्ध संसाधनों की जानकारी देकर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेष लेने हेतु प्रोत्साहित किया। क्रीड़ा अधिकारी श्री राजू कुमार ने खेल संसाधनों, खेल गतिविधियों तथा बी.पी.ई.एस. पाठ्यक्रम के बारे में विस्तृत बताया। अंत में संस्था प्रमुख श्री दिलीप सिंह डाबी ने सभी विद्यार्थियों को कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश लेते समय सावधानीपूर्वक अपना पंजीयन करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के श्री वर्दीचंद राठौर एवं सीएम राईस स्कूल के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 20 को

**मंदसौर, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक 20 दिसंबर को 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

# मकान के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, दोनों पक्षों के 6 आरोपियों पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मकान विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों के 6 लोगों पर क्रास प्रकरण दर्ज किया। सनावदा निवासी छगनलाल लौहार ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि एक मकान मैंने छह महिने पहले गांव के विजेश पिता ओमप्रकाश शर्मा को 3 लाख 15 हजार रुपए में बेचने का सौदा किया था। डेढ लाख रुपए लेकर नोटरी करवा ली थी, बाकी के रुपए विजेश ने गर्मी में रजिस्ट्री करवाने के समय देने की बात कही थी। शुक्रवार को शाम 6 बजे करीब मैंने घर का ताला खोला तो विजेश पिता ओमप्रकाश शर्मा , बालकृष्ण पिता ओमप्रकाश शर्मा व अंतिम पिता लक्ष्मीनारायण शर्मा आए गाली-गलौज की व मारपीट की। बीच-बचाव करने आए मेरे बेटे मुकेश व भतीजे धनपाल के साथ भी लात-घुसों व लकड़ियों से मारपीट। इसी तरह विजेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैंने गांव के छगनलाल पिता नाथूलाल लौहार से मकान छह माह पूर्व खरीदा था, जिसकी नोटरी भी करवा ली है, लेकिन छगनलाल यह मकान हमें देना नही चाहते है और मकान पर ताला लगा रखा है। इसी बात को लेकर मुकेश लौहार, छगन लौहार व धनपाल लौहार ने विवाद किया व मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर सभी छह आरोपियों पर क्रास प्रकरण दर्ज किया।

# नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बने डोर (मांझा ) पतंग स्ट्रिंग पर प्रतिबंध-कलेक्टर

**मंदसौर, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत आगामी मकर संक्रांति पर्व के दौरान लोक हितो को दृष्टिगत रखते तथा कानून व्यवस्था सामान्य बनाए रखते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करते हुए नायलॉन, चीनी और कपास के साथ लेपित मांझा (चायनीज मांझा) कांच के साथ लागू होता है, क्योंकि यह मनुष्यों और पक्षियों दोनों के लिये हानिकारक है, जिससे इसके निर्माण एवं विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा। सिंथेटिक सामग्री, मांझा के 'विनिर्माण / (चायनीज मांझा) के ब्रिकी, भंडारण ( दुकानों में) खरीद और उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश सर्वसाधारण को संबोधित हैं और इसकी तामिली प्रत्येक व्यक्ति पर सम्यकरूपेण करना और उसकी सुनवाई संभव नहीं है अत: दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 (2) के तहत यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है। यह आदेश जारी होने के दिनांक से आगामी दो माह की अवधि तक प्रभावशील रहेगा।



**अनदेखी-** कॉलेज मैदान में स्थित फुटबाल ग्राउंड में रोल बाल प्रतियोगिता के चलते स्केटिंग पहन कर बच्चे फुटबाल खेल रहे है। जबकि, आगामी दिनो में अखिल भारतीय स्तर के फुटबाल टुर्नामेंट के लिए मैदान तैयार किया जा रहा है।

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 96 | 2150 | 2253 |
| उडद | 8 | 5199 | 7800 |
| सोयाबीन | 4000 | 4201 | 4911 |
| गैहु | 1129 | 2540 | 3055 |
| चना | 33 | 5122 | 5401 |
| मसुर | 22 | 4900 | 5840 |
| धनिया | 252 | 5051 | 7802 |
| लहसुन | 9500 | 10000 | 23500 |
| मैथी | 442 | 4200 | 6300 |
| अलसी | 734 | 4761 | 5126 |
| सरसो | 267 | 4700 | 5100 |
| तारामीरा | 3 | 4630 | 4751 |
| इसबगोल | 7 | 12500 | 1800 |
| प्याज | 7500 | 521 | 2300 |
| कलोंजी | 34 | 12400 | 16435 |
| डॉलर | 2 | 4600 | 10500 |
| तिल्ली | 9 | 13650 | 15980 |
| मटरसुखी | 3 | 1700 | 2399 |
| असालीया | 10 | 8889 | 10450 |

# न्यायालय कलेक्टर जिला मंदसौर (म.प्र.)

**प्रकरण क्रमांक 122/बी-121/2023-24**
**भू-अर्जन अधिकारी,सीतामऊ, जिला - मन्दसौर (म.प्र.)**

## // प्रारंभिक सूचना //

## अंतर्गत कण्डिका 11 (1) आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति

कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, मन्दसौर द्वारा कोटेश्वर तालाब हेतु प्रस्तावित ग्राम नाटाराम मुहाल एवं कम्माखेडी तहसील सीतामऊ, जिला मन्दसौर के कृषको की भूमि मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग के ज्ञापन क्रमांक अ:-82/21-22 अनुसार, आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति से क्रय करने के निर्देश प्रसारित किये गये हैं। उक्त कृषकों से उनकी भूमि क्रय करने हेतु आपसी सहमति से क्रय नीति की कण्डिका 09 अनुसार प्रारूप 'क' में कृषकों को प्रस्ताव भेजकर प्रारूप 'ख' में धारक की स्वीकृति प्राप्त की गई है।

तदनुरूप आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति की कण्डिका 11 (1) के अंतर्गत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार कृषको की भूमि जल संसाधन विभाग मध्यप्रदेश शासन के पक्ष में क्रय की जाने पर विचार किया जा रहा है, यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति भू-अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सीतामऊके कार्यालय में अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। क्रय की जाने वाली भूमि में स्थित कुए व ट्यूबवेल आदि का मूल्य म.प्र. शासन जल संसाधन विभाग के पत्र क्रमांक 971/अ मू रा/जसवि/2018 दिनांक 28.02.2018 के अनुसार सिंचित मद में सम्मिलित है।

नियत अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों को न तो स्वीकार किया जावेगा और न ही उन पर किसी प्रकार का कोई विचार किया जायेगा :-

**आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति अनुसार क्रय की जाने वाली भूमि का विवरण**

1. ग्राम कम्माखेड़ी तहसील सीतामऊ, जिला मन्दसौर (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 11.180 हेक्टर
2. ग्राम नाटाराम मुहाल, तहसील सीतामऊ, जिला मन्दसौर (म.प्र) कुल क्षेत्रफल 1.970 हेक्टर

| क्रं. | कृषक/खातेदार का नाम | सर्वे क्रमांक | कुल रकबा हेक्टर में | आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति से क्रय की जाने वाली भूमि का रकबा हेक्टर में | | | परिसम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सिंचित | असिंचित | कुल | |
| 1 | मनीष, दशरथ, सुनीता पिता भंवरलाल व कारीबाई बेवा भंवरलाल | 164/1, 164/2 | 2.770 | 2.770 | 0.000 | 2.770 | |
| 2 | नाथू पिता पन्ना बागरी | 167/1 | 0.220 | 0.220 | 0.000 | 0.220 | |
| 3 | मांगीलाल पिता गिरधारीलाल खटीक | 168/1 | 0.130 | 0.130 | 0.000 | 0.130 | |
| 4 | शाकिर पिता अल्लानुर मुसलमान | 169/1 | 0.390 | 0.220 | 0.000 | 0.220 | |
| 5 | रामेश्वर पिता शंकरलाल ब्राह्मण | 172, 173/1,174/1 | 1.730 | 1.360 | 0.000 | 1.360 | |
| 6 | हरलाल पिता शालगराम ब्राह्मण | 175, 176/2 | 0.520 | 0.400 | 0.000 | 0.400 | |
| 7 | कमलाशंकर पिता शालगराम ब्राह्मण | 176/1 | 0.520 | 0.200 | 0.000 | 0.200 | |
| 8 | मोहम्मद पिता चांद खां मुसलमान | 177 | 0.310 | 0.310 | 0.000 | 0.310 | |
| 9 | गोपाल पिता अमरा चारण | 205/1 | 0.090 | 0.020 | 0.000 | 0.020 | |
| 10 | इंदरलाल पिता धुरीलाल गुर्जर | 207 | 0.430 | 0.430 | 0.000 | 0.430 | |
| 11 | बाबूलाल जगदीश किशोर दशरथ पिता दोला बलाई | 200 | 0.130 | 0.070 | 0.000 | 0.070 | |
| 12 | श्यामाबाई पति अर्जुन चारण | 201 | 0.270 | 0.270 | 0.000 | 0.270 | |
| 13 | फकीरचंद्र पिता धुरीलाल गुर्जर | 202 | 0.210 | 0.210 | 0.000 | 0.210 | |
| 14 | घनश्याम पिता मांगीलाल तिवारी | 203 | 0.190 | 0.090 | 0.000 | 0.090 | |
| 15 | सुरेश पिता देवराज चारण | 210/1/2, 210/2/2 210/4/2 | 0.400 | 0.40 | 0.000 | 0.400 | 10 पौधे आम |
| 16 | लक्ष्मीबाई बेवा मोहनलाल व राजू, लालूराम गोपीबाई सोहनबाई पिता मोहनलाल चारण | 210/3/2, 434/2/2 | 0.540 | 0.290 | 0.000 | 0.290 | 2 पौधे आम |
| 17 | कमलीबाई बेवा देवराज, रुकमणबाई, लीलाबाई पिता देवराज चारण | 434/1/2 | 0.410 | 0.410 | 0.000 | 0.410 | 1 पौधा आम |
| 18 | गोविन्द भागीरथ प्रकाश रामकन्या ना.बा. सरपरस्ता माता सुगनबाई बेवा लक्ष्मण चारण | 214/2 | 0.200 | 0.050 | 0.000 | 0.050 | |
| 19 | वरदीलाल पिता खेमराज गुर्जर | 215,216/1,217, 434/3/2, 434/4/2, 219 | 1.250 | 0.680 | 0.000 | 0.680 | |
| 20 | बगदीराम पिता पृथ्वीराज गुर्जर | 218 | 0.200 | 0.080 | 0.000 | 0.080 | 2 पौधे आम |
| 21 | उदेराम पिता धन्ना चारण | 238/1/1 | 0.120 | 0.120 | 0.000 | 0.120 | 1 पौधे आम |
| 22 | कारुलाल पिता देवराज चारण | 238/1/2 | 0.200 | 0.200 | 0.000 | 0.200 | 1 पौधे आम |
| 23 | गणेशराम पिता मोती चारण | 238/2 | 0.100 | 0.100 | 0.000 | 0.100 | |
| 24 | मंजूला पति घनश्याम तिवारी | 359, 355 | 2.600 | 0.500 | 0.000 | 0.500 | |
| 25 | पदमबाई बेवा कारुलाल व कमल, सीमाबाई पिता कारुलाल व मदन मानसिंह पिता बापू | 356, 357 | 0.640 | 0.640 | 0.000 | 0.640 | 6 पौधे आम |
| 26 | रामनिवास पिता कन्हैयालाल चारण | 434/4/3 | 0.200 | 0.150 | 0.000 | 0.150 | |
| 27 | अरमान मुस्कान, काजल, शानु ना.बा. पिता एहसान सरपरस्ता पिता एहसान नुर मोहम्मद पिंजारा | 169/2, 225/1 | 0.260 | 0.260 | 0.000 | 0.260 | |
| 28 | राधाबाई पति मगनलाल चारण | 180 | 0.100 | 0.100 | 0.000 | 0.100 | |
| 29 | आत्माराम पिता मांगीलाल गुर्जर | 150/2/1 | 0.300 | 0.300 | 0.200 | 0.500 | |
| | | योग | 15.430 | 10.380 | 0.800 | 11.180 | |
| **ग्राम नाटाराम मुहाल की सूची** | | | | | | | |
| 1 | शेरखां पिता नबीजान | 200/1 | 0.540 | 0.000 | 0.540 | 0.540 | |
| 2 | चम्पालाल पिता रतनलाल कुल्मी | 199/1 | 0.300 | 0.300 | 0.000 | 0.300 | |
| 3 | रतनलाल पिता रंगलालजी जाति कुल्मी | 199/2/1 | 0.310 | 0.310 | 0.000 | 0.310 | |
| 4 | दशरथ पिता प्रभुलालजी कुल्मी | 206/3 | 0.270 | 0.270 | 0.000 | 0.270 | |
| 5 | गोविन्द, विदेश पिता अम्बारामजी कुल्मी | 206/2 | 0.270 | 0.270 | 0.000 | 0.270 | |
| 6 | तत्बाराम पिता प्रभुलालजी कुल्मी | 206/1 | 0.280 | 0.280 | 0.000 | 0.280 | |
| | | योग | 1.970 | 1.430 | 0.540 | 1.970 | |
| | | महायोग | 17.40 | 11.810 | 1.240 | 13.150 | |

नोट-भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, उपखण्ड सीतामऊ एवं अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उपखण्ड सुवासरा के कार्यालय में किया जा सकता है।

G-21689/23

**(दिलीपकुमार यादव)**
**कलेक्टर, जिला मंदसौर (म.प्र.)**

# मुख्यमंत्री की उपस्थिति में प्रधानमंत्री मोदी ने किया वर्चुअली शुभारंभ

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का दीप प्रज्जवलन कर दशहरा मैदान में शुभारंभ

**उज्जैन, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी एवं जनहितैषी योजनाओं पर केंद्रित विकसित भारत संकल्प यात्रा का शनिवार को दशहरा मैदान में शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्लेग आफ वर्चुअली जुड़कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों से वर्चुअल बात करते हुए प्रधानमंत्री ने जाना कि किस तरह उन्हें लाभ पहुंचा। प्रधानमंत्री ने वन टू वन कुछ हितग्राहियों से जुडकर काफी चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी एवं जनहितैषी योजनाओं पर विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्रित है। दशहरा मैदान में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअली शुभारंभ किया। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर मुख्य द्वार पर मुख्यमंत्री का यहां कलश लेकर उपस्थित महिलाओं ने मालवा की परंपरानुसार पुष्पवर्षा कर आत्मिक स्वागत किया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री डा.यादव यहां से सीधे स्वागत रोड शो के लिए रवाना हुए और बाहर आकर रथ में सवार हो गए।

**केंद्र की योजनाओं को पात्र तक पहुंचाना उद्देश्य**–केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अन्तिम व्यक्ति तक सरकार की योजना की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा आरम्भ की गई है। प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों खासतौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना, योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार, जागरूकता, लाभार्थियों के अनुभव साझा करना और संभावित लाभार्थियों का चयन तथा नामांकन सुनिश्चित करना भी यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। यात्रा का समापन 26 जनवरी 2024 को होगा।

**कार्यक्रम स्थल पर लगे शिविर**– कार्यक्रम स्थल दशहरा मैदान पर योजनाओं से सम्बन्धित विभिन्न विभागों के द्वारा जैसे स्वास्थ्य शिविर, नगर निगम, महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय विभाग आदि के हितग्राहीमूलक योजनाओं के शिविर लगाये गए हैं। कार्यक्रम में महिलाओं, स्व-सहायता समूहों, वरिष्ठ नागरिकों, युवाशक्ति, किसानों आदि को जोड़ा गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से फिट इंडिया के सन्देश का भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और जन-सामान्य को पर्याप्त पोषण तथा व्यायाम की आवश्यक जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार के लिये आई मोबाइल वेन जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता बडी संख्या में रही है।

**34 योजनाएं चिन्हित** – यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र की 19 तथा शहरी क्षेत्र की 15 योजनाएं चिन्हित हैं, इनमें स्वस्थ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं की जानकारी और प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत की संख्या अनुसार भारत सरकार द्वारा मोबाइल वैन उपलब्ध कराई गई है। जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी का उद्बोधन, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होगा। यह वैन सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में ले जाई जाएगी तथा पम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज सांस्कृतिक कार्यक्रम और ड्रोन प्रदर्शन भी होगा। लाभार्थियों की व्यक्तिगत कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए मेरी कहानी मेरी जुबानी जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। ड्रोन प्रदर्शन द्वारा प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला, उज्ज्वला योजना, किसान/पशुपालक मछुआरों के लिए क्रेडिट कार्ड के आवेदन लेने और बैंकों से समन्वय के स्टॉल रहेंगे। इसके साथ ही आधार कार्ड में जानकारी अपडेशन, राजस्व विभाग के अंतर्गत नामांतरण और बंटवारा, कृषि, स्व-सहायता समूहों, पेंशन योजनाओं, आदिवासी विकास से संबंधित योजनाओं के स्टॉल भी लगाए गए।




# ज्योतिष के अनुसार अफसरों में होगा बदलाव



### कई ग्रहों ने दिशा बदली, बुध हुए वक्री

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सीएम बदलते ही जिला सहित प्रदेशभर में सरकारी तंत्र में बदलाव संभव है। इधर ज्योतिषी भी इसी ओर ईशारा कर रहे हैं। जानकारों और ज्योतिषाचार्यो की माने तो अगले एक पखवाड़े में पांच बड़े ग्रह राशि बदलने जा रहे हैं और ग्रहों का गोचर होगा। सबसे पहले बुध ग्रह बुधवार से वक्री हो गया है, जो 28 दिसम्बर तक वक्री अवस्था में रहेगा। बुध को बुद्धि का देवता माना जाता है। इसके बाद सूर्य, मंगल, शुक्र और बुध ग्रह का राशि परिवर्तन होगा। गुरु अपनी स्वराशि मेष में रहते हुए मार्गी होंगे। ग्रहों के गोचर होने से हर राशि वालों के जीवन पर असर पड़ेगा। दिसंबर में ग्रहों का राशि परिवर्तन आम जन में आत्मविश्वास जगाएगा। साथ ही सरकारी अधिकारियो के बदलाव, नए प्रयोग, देश और प्रदेश के लिए अच्छे रहेंगे।

ग्रहों के राजकुमार और सेनापति मंगल 27 दिसंबर को धनु राशि में गोचर करेंगे। मंगल के धनु राशि में गोचर करने पर मेष, कर्क, तुला और धनु राशि के जातकों के लिए अच्छी सफलता हासिल करने के योग हैं।

बुध ग्रह 28 दिसंबर को वृश्चिक राशि में प्रवेश कर जाएंगे। इसके बाद 2 जनवरी को मार्गी होंगे व 7 जनवरी को फिर से धनु में प्रवेश कर जाएंगे। बुध के दिसंबर में वृश्चिक राशि में प्रवेश करने पर वृषभ और धनु राशि के जातकों को अच्छा लाभ मिल सकता है। सूर्यदेव हर एक माह में अपनी राशि बदलते हैं। ऐसे में 16 दिसंबर को सूर्य का राशि परिवर्तन हुआ है। सूर्य अब धनु राशि में आ गए है। जहां पर ये 15 जनवरी 2024 तक रहेंगे। 15 जनवरी के बाद मकर राशि की यात्रा में प्रवेश कर जाएंगे। 25 दिसंबर को धन, सुख, वैभव और ऐशो-आराम के कारक ग्रह शुक्र राशि परिवर्तन करेंगे। शुक्र ग्रह वृश्चिक राशि में प्रवेश कर जाएंगे। शुक्र के वृश्चिक राशि में गोचर करने से कर्क, सिंह, मकर और कुंभ राशि के लोगों को विशेष लाभ मिल सकता है।

### तीन राशि के जातकों को ज्यादा फायदा...

ग्रहों का गोचर होने से बीमारियों के इलाज में भी नए-नए आविष्कार होंगे और सूर्य, शुक्र, मंगल, बुध के राशि में परिवर्तन से व्यापार में तेजी आएगी। 28 तक बुध रहेंगे। ज्योतिषाचार्यो की माने तो 13 दिसंबर को बुद्धि और ज्ञान के देवता बुध ग्रह वक्री हो गए। बुध ग्रह धनु राशि में विराजमान होते हुए 13 दिसंबर को हुए हैं। बुध 28 दिसंबर तक वक्री अवस्था में रहेंगे। बुध ग्रह के वक्री होने से तुला, मकर और कुंभ इन तीन राशि के जातकों को सबसे ज्यादा फायदा मिल सकता है।

# शोरूम से चोरी हुई दो लग्जरी कार सहित तीन बदमाश गिरफ्तार

## महू रोड़ स्थित शोरूम को बनाया था निशाना, सिटी पुलिस ने पांच दिन में किया पर्दाफाश

**नीमच, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के महू रोड स्थित चार पहिया वाहन शोरूम को निशाना बनाकर बदमाश पांच दिन पहले दो लग्जरी कार चोरी कर ले गए थे। सिटी पुलिस ने इसे चुनौती माना और चार दिन में वारदात का खुलासा कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो नई कारों सहित वारदात में उपयोग की गई कार भी बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

महू रोड स्थित भगवती टोयोटा शोरूम पर 10 व 11 दिसंबर की रात अज्ञात बदमाश टोयोटा साईराईडर व टोयोटा ग्लेंजा चोरी कर ले भागे थे। 11 दिसंबर को फरियादी शोरूम मैनेजर योगेश पिता रतनलाल यादव ने सूचना दी कि 11 दिसंबर को सुबह करीब 10 बजे वह तथा उनके साथी कर्मचारी शोरूम पर पहुंचे तो देखा शोरूम के पीछे का गेट का ताला व गेट टूटा हुआ है। शोरूम के आगे शटर को खोलकर देखा तो शोरूम में से 2 नई कार एक टोयटा हाईराइंडर सफेद रंग की तथा 01 टोयटा ग्लेंजा नीले रंग की नहीं थी जो कोई अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर से थाना नीमच सिटी पर अपराध धारा 457, 380 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी नीमच सिटी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सिसोदिया द्वारा मय टीम के घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि अज्ञात बदमाशों द्वारा घटना से पहले शोरूम की विद्युत कनेक्शन काट दिया था। जिससे शोरूम पर लगे सीसीटीवी कैमरों में घटना की रिकार्डिंग न हो तथा आरोपियों द्वारा शोरूम का मुख्य दरवाजा नहीं तोड़ा। क्योंकि, उक्त दरवाजा मुख्य मार्ग की और होकर लोगो का आवागमन रहता है। इसलिए आरोपियों ने पीछे का दरवाजा तोड़कर शोरूम के अंदर प्रवेश कर शोरूम के अंदर की आलमारी में रखी वाहनों की चाबी प्राप्त कर उक्त वाहन चोरी कर ले गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित तोलानी द्वारा एएसपी नवल सिंह सिसोदिया, सीएसपी पीएस परस्ते के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी नीमच सिटी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में प्रकरण का जल्द प्रकरण का खुलासा करने के लिए निर्देशित किया।



पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे प्रायवेट सीसीटीवी कैमरों को खंगालना तथा तकनीकी माध्यम से आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्रित करना प्रारंभ किया। गोपनीय रूप से जानकारी प्राप्त हुई कि अर्जुन सिंह नाम का शातिर वाहन चोर जो कई वाहन चोरी के अपराधों में बंद हुआ है वह उज्जैन में लोकेन्द्र उर्फ बंटी के साथ देखा गया है। लोकेन्द्र उर्फ बंटी के निवास स्थान के आस पास सतत निगाह रखी गई तो 14 दिसंबर को लोकेन्द्र उर्फ बंटी उक्त वाहन लेकर अपने घर तरफ आया तो उसे गिरफ्तार कर घटना में चोरी गया उक्त वाहन उसके कब्जे से जब्त किया तथा आरोपी के द्वारा सदर अपराध की घटना अपने साथी अर्जुनसिंह, शेखर, रोहित उर्फ संजू, मुकेश वर्मा तथा बंटी मालवीय के साथ घटित करना स्वीकार किया। आरोपी की निशादेही से आरोपी अर्जुनसिंह पिता सरदारसिंह यादव के कब्जे से चोरी की एक कार और वाहन ग्लेंजा ब्ल्यू रंग की तथा आरोपी बंटी पिता मायाराम मालवीय के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मारूती अर्टिगा जब्त की गई। मामले में पुलिस ने लोकेंद्र उर्फ बंटी (32) पिता रामसिंह पुष्कर जाति जाटव निवासी 63 इंदिरा नगर नागझिरी देवास रोड उज्जैन, अर्जुनसिंह (23) पिता सरदार सिंह यादव निवासी ग्राम सुरगी थाना बनापुरा जिला होशंगाबाद हा.मु. 63 इंदिरा नगर नागझिरी देवास रोड उज्जैन, बंटी (21) पिता मायाराम मालवीय निवासी ग्राम बालोदा थाना महिदपुर हा मु. गणेश नगर नाका को गिरफ्तार किया। इनसे फरार आरोपी मुकेश वर्मा, रोहित एवं शेखर के संबंध में पूछताछ की जाकर पतारसी की जा रही है।

## कार लूटने का प्रयास करने वाले दो युवकों को 7-7 साल सश्रम कारावास

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंदसौर द्वारा आरोपी रोहित उर्फ गोटा पिता मदनसिंह उम्र 23साल नि. पित्याखेडी थाना वायडीनगर मंदसौर एवं गोविन्द पिता डालूराम उम्र 21 साल नि. पानपुर जिला मंदसौर को लूट एवं लूट का प्रयास करने का दोषी पाते हुए 7-7 साल का सश्रम कारावास एवं 3-3 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर 02021 को रात्रि में महू नीमच हाईवे पर ग्राम सूठोद के पास फरियादी दिनेश को आरोपी रोहित उर्फ गोटा पिता मदनसिंह एवं गोविन्द पिता डालूराम ने पिस्टल दिखाकर उसकी बलेनो कार लूटने का प्रयास किया तथा उसके पास से पर्स, नकदी आदि सामान लूट लिया। जिस पर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी रोहित उर्फ गोटा पिता मदनसिंह एवं गोविन्द पिता डालूराम की संलिप्तता पाये जाने से उक्त दोनों आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में ट्रायल के दौरान अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने दोनो आरोपियो को उपरोक्त सजा से दंडित किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक तेजपाल सिंह शक्तावत, अपर लोक अभियोजक भगवतीलाल शर्मा एवं अपर लोक अभियोजक भगवानसिंह चौहान द्वारा की गई।

# सांसद गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

## जिले की विकसित भारत संकल्प यात्रा का कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम से हुआ शुभारंभ

**मंदसौर, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ऑडिटोरियम से ही यात्रा का शुभारंभ भी किया गया। यह यात्रा 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक पूरे जिले में चलेगी। इस दौरान यह यात्रा प्रत्येक गांव का भ्रमण करेगी। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, मंदसौर जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा, नानालाल अटोलिया, श्री बंशीलाल गुर्जर, श्री मदन लाल राठौर सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, जिला अधिकारी, बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद थे।




इस अवसर पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता द्वारा कहा गया कि आज हम सभी के लिए हर्ष और उल्लास का दिन है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विकसित भारत का संकल्प गांव-गांव तक पहुंचेगा। सबका साथ सबका विकास की संकल्पनाओं के आधार पर सरकार काम कर रही है। आमजन की जो भी समस्याएं थी जिनका समाधान सरकार ने किया है। यह यात्रा ही विकास के संकल्प की यात्रा है। इसके अंतर्गत 17 योजनाओं को शामिल किया गया है। जिसका लाभ आम जनता को मिलेगा। उन्होंने विशेष तौर पर कहा की सभी आम नागरिक इन योजनाओं से जुडे तथा योजना का लाभ लेवे एवं जीवन को नहीं राह पर ले जाए। पूर्व विधायक श्री सिसोदिया द्वारा कहा गया कि भारत हमारा विकसित होगा। समृद्ध भारत सशक्त भारत होगा। हितग्राही मूलक योजना का लाभ जनता को मिलेगा। श्री बंशीलाल गुर्जर द्वारा कहा गया कि विगत 10 वर्षों की योजनाओं को यह संकल्प यात्रा धरातल पर उतारेंगी तथा जिनको लाभ नहीं मिला है उनको लाभ प्रदान करेगी। यह संकल्प यात्रा प्रत्येक गांव तक जाएगी। मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से भी हितग्राही योजनाओं के लाभ की जानकारी लोगो को बताएंगे।

# ऑन लाईन होगा रजिस्ट्री का रिकॉर्ड

## अगले साल पहली तारीख से संपदा 2.0 को लागू करने की तैयारी

**मंदसौर, 16 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कई सालों की तैयारी के बाद प्रदेश में 1 जनवरी 2024 से संपदा 2.0 लॉन्च कर संपत्तियों की रजिस्ट्री का सारा रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध करा दिया जाएगा। इससे लीज एग्रीमेंट, प्रॉपर्टी लोन, रेंट एग्रीमेंट जैसे कई काम ऑनलाइन ही हो सकेंगे। इन कामों के लिए डिप्टी रजिस्ट्रार के पास नहीं जाना होगा। फिलहाल इस सॉफ्टवेयर की टेस्टिंग का काम चल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक मप्र रजिस्ट्रेशन और स्टाम्प विभाग द्वारा लगभग 35 करोड़ की लागत से इस सॉफ्टवेयर का निर्माण कराया गया है। लगभग 7 हजार लोग एक साथ इस सिस्टम पर काम कर सकते हैं। जुलाई 2020 में संपदा 1.0 सिस्टम को 5 साल पूरे हो गए थे। इसके बाद नए सिस्टम की योजना बनी। लगभग 2 साल में इस प्रोजेक्ट पर काम पूरा हुआ। 2023 की शुरुआत से इस सिस्टम का ट्रायल शुरु हो गया था। जानकारी के मुताबिक सॉफ्टवेयर पहले कुछ जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू होगा, बाद में इसे 1 अप्रैल से सभी जिलों में लॉन्च कर दिया जाएगा। आईजी पंजीकरण एवं अधीक्षक स्टाम्प एम सेलवेन्द्रन का कहना है कि संपदा 2.0 की वर्तमान में टेस्टिंग चल रही है। इसे 1 जनवरी 2024 से लांच करने की तैयारी है।

# विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 8 जनवरी तक करें

**मंदसौर, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती रेखा पांचाल द्वारा बताया गया कि जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों (एकलव्या आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्याल शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विद्यालय) में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वी में प्रवेश के लिये प्रवेश परीक्षा के आवेदन ऑनलाइन भरे जा रहे है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 8 जनवरी 2024 को सायं 5 बजे तक आवेदन कर सकते है।

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में सहयोग राशि का संग्रहण

**मंदसौर, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिवार, एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. के विद्यार्थियों द्वारा 7700 राशि का संग्रहण किया गया। उल्लेखनीय है कि देश की सुरक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए शहीद जवानों के परिवार कल्याण एवं पुनर्वास हेतु प्रतिवर्ष दिनांक 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष महाविद्यालय परिवार द्वारा सोत्साह देश के शहीद जवानों के परिवार कल्याण एवं पुनर्वास हेतु 7700 रुपये का संग्रहण किया गया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.एन.एन. शर्मा को विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा उक्त संग्रहित राशि सौंपी गई, जिसे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में जमा करवाया गया। उक्त राशि संग्रहण में प्रो. योगेश पटेल (एन.सी.सी. अधिकारी), प्रो. अनिल कुमार आर्य (एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी) एवं श्री प्रताप सिंह उइके का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

# पड़ोसी किसान को पीटा, 4 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** खेत किनारे खाई में चारा डालने पर पड़ोसी ने मारपीट की। पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया। रतन पिपलिया निवासी भारतराम गायरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई खेत के पड़ोसी गोविन्द पिता बाबूलाल बागरी ने मुझसे बोला कि खेत की खाई में चारा क्यों डालता है, कहते हुए गाली-गलौज की। गाली देने से मना किया तो गोविन्द ने मारपीट शुरु कर दी, मेरा भाई समरथ बीच-बचाव करने आया तो उसके सिर में लकड़ी की मार दी, जिससे खून बहने लगा। इस दौरान गोविन्द का भाई मानसिंह, मां बसन्तीबाई व पिता बाबूलाल बागरी भी आ गए। सभी ने मिलकर हमारे साथ मारपीट की। पुलिस ने मारपीट करने वाले चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया।


## **** विज्ञप्ति ****

सर्व साधारण जनता के लिए यह सूचना है कि ग्राम करणपुरा पटवारी हल्का सुजानपुरा तहसील भानपुरा जिला मंदसौर (म.प्र.) स्थित कृषि खाता भूमियां 19/1, 20, 21, 23, 34, 37, 48/3 व 27, 30/2, 32, 38/1, 38/2, 39, 40, 48/1, 48/2 व 19/2 कुल रकबा-15.500 हे. बिक्री हो गई है।

उक्त भूमियों पर किसी को भी कोई आपत्ति हो अथवा किसी का भी कोई बकाया हो अथवा कोई वाद-विवाद हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस में निम्न पते पर सम्पर्क करके अथवा मोबाईल फोन काल करके आपत्ति दर्ज करा सकते है।

दिनांक-17.12.2023

सूचनाकर्ता
**संदीपकुमार तिवारी (एडव्होकेट)**
न्यायालय परिसर, भानपुरा, जिला-मंदसौर (मप्र.) मो.नं.-9425442004


# श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से भेजे गये पूजित अक्षत कलश का पूजन आज

**मंदसौर, 16 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर निर्मित नवीन मंदिर में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम विराजित होंगे। पूज्य संतगणों एवं सर्वसमाज के सानिध्य में विश्व हिन्दू परिषद द्वारा भगवान श्री रामलला की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा निमित्त श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से भेजे गये पूजित अक्षत कलश के पूजन का आयोजन आज 17 दिसम्बर, रविवार को सायं 4 बजे विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा पर रखा गया है। सर्व समाज के सभी सनातनी धर्मप्रेमी बन्धुवर, धर्मप्राण मातृशक्ति, नगर के समस्त सामाजिक, धार्मिक संगठन, व्यापारिक संगठन एवं नगर के प्रबुद्धजनों से विश्व हिन्दू परिषद परिवार ने आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में इस भव्य आयोजन में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेवे। यह जानकारी जिला प्रचार मंत्री प्रतीक व्यास एवं नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा ने दी है।




## कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)
दिनांक- 16.12.2023

### ***जाहिर सूचना ***

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाश पिता मांगीलाल जी मीणा जाति मीणा, निवासी ग्राम कोलवा तहसील व जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का आवासीय मकान जो मकान नंबर-102 पर दर्ज होकर वार्ड क्रमांक-6, ग्राम कोलवा गाईड लाईन अनुसार प.ह.नं. 38 तहसील व जिला मंदसौर का सह स्वामित्व विधिवत रजिस्टर्ड सह स्वामित्व पत्र ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी 249392023ए 12650606 दिनांक 12.12.2023 से अपनी पत्नी श्रीमती ममता पति प्रकाश जी जाति मीणा, निवासी ग्राम कोलवा तहसील व जिला मंदसौर को बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तु:सीमा-पूर्व में-बंशीलालजी, पश्चिम में -बंशीलाल अमृतरामजी, उत्तर में-रास्ता, दक्षिण में-कमल नंदरामजी, पैमाईश-पूर्व से पश्चिम 50 फीट तथा उत्तर से दक्षिण 40 फीट है। कुल क्षेत्रफल -2000 वर्गफीट या 185.80 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर प्रकाश पिता मांगीलाल जी मीणा जाति मीणा, निवासी ग्राम कोलवा तहसील व जिला मंदसौर द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गांधीनगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक EWS-E.118 जो कि श्रीमती विमला जैन पति श्री इन्दर मल जैन को मण्डल आदेश क्रमांक. 716 दिनांक 27.01.2014 को आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 12.04.2017 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था।

श्रीमती विमला जैन पति श्री इन्दर मल जैन द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री विशाल कुमार पाटीदार पिता श्री राम प्रसाद पाटीदार को कर दिनांक 18.09.2023 को भवन का विक्रय पत्र उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीयन निष्पादित करवा दिया है। विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री विशाल कुमार पाटीदार पिता श्री राम प्रसाद अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक EWS-E.118 गांधीनगर मंदसौर का नामान्तरण श्री विशाल कुमार पाटीदार पिता श्री राम प्रसाद नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक EWSB.144 जो की श्री नन्दलाल भटनागर पिता श्री इन्द्र सिंह भटनागर को मण्डल आदेश क्रमांक 3064 दिनांक 03.03.1983 को आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 01.11.2000 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था।

श्री नन्दलाल भटनागर पिता श्री इन्द्र सिंह भटनागर का स्वर्गवास दिनांक 24.07.2001 को हो जाने से एवं इनके पुत्र श्री महेश भटनागर पिता स्व. श्री नन्दलाल भटनागर का स्वर्गवास दिनांक 01.06.2022 को हो जाने से इनकी पत्नी श्रीमती मनोरमा भटनागर पति स्व. श्री नन्दलाल भटनागर एवं इनकी पुत्र वधु श्रीमती मनीषा भटनागर पति स्व. श्री महेश भटनागर एवं इनके पोत्र श्री मानसरत्न पिता स्व. श्री महेश भटनागर उक्त भवन का नामांतरण संयुक्त रूप से अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक EWS.B. 144 संजीत मार्ग मंदसौर का नामान्तरण संयुक्त रूप से श्रीमती मनोरमा भटनागर पति स्व. श्री नन्दलाल भटनागर, श्रीमती मनीषा भटनागर पति स्व.श्री महेश भटनागर एवं श्री मानसरत्न पिता स्व. श्री महेश भटनागर के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in